# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 08 श्रावण, 1943 ( श० ) / 30 जुलाई, 2021 ( ई० )

प्रश्नों की कुल संख्या 157

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ( 1 ) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 47 |
| ( 2 ) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 71 |
| ( 3 ) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 09 |
| ( 4 ) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 19 |
| ( 5 ) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 09 |
| ( 6 ) | विधि विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग -- | 157 |

स्थापित करना

*452. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड की दिलावरपुर पंचायत सहित 6 पंचायतें केसरिया विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत हैं जिनका फीडर 35 किलो मीटर दूर है जिसके कारण बिजली बार-बार बाधित होती है, यदि हाँ, तो सरकार निर्बाध विद्युत् आपूर्ति हेतु कल्याणपुर प्रखंड के दिलावरपुर में एक पावर सब-स्टेशन कबतक स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*453. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के ए0एन0एम0 स्कूल, इस्लामपुर के प्राचार्या कभी भी विद्यालय में नहीं रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, नालन्दा द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2020 को औचक निरीक्षण में भी वे अनुपस्थित पाई गई हैं तथा विद्यालय का कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं था, जिसपर जिला पदाधिकारी के ज्ञापांक 348/गो0 द्वारा स्पष्टीकरण की भी माँग की गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के एक शिक्षक का जाली हस्ताक्षर बनाकर उनके खाता से राशि भी निकाल लेने का कार्य किया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ऐसे प्राचार्य पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*454. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखंड में गत पाँच वर्ष से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माणाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माणाधीन भवन के संवेदक भवन के एक चौथाई भाग का निर्माण कराकर फरार हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माणाधीन भवन का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू करना

*455. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड में कृषि फीडर का निर्माण 2020 में ही पूर्ण हो चुका है परंतु अभीतक चालू नहीं किया गया है, जिस कारण किसानों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त फीडर को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*456. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत भवानीपुर प्रखंड के ग्राम-भिट्ठा एवं रूपौली प्रखंड के पंचायत विजय लालगंज के शांतिनगर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2017 से स्वीकृत है किन्तु अबतक इसके भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिस कारण यहाँ के मरीजों को 20 किलो मीटर की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय में इलाज हेतु जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि भुगतान करना

*457. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0जा0))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के मोहम्मद रहमान, पिता-मो0 शाहिद, ग्राम-समदा, पोस्ट बाँसबाड़ी, थाना अररिया, जिला अररिया की मृत्यु दिनांक 13 अगस्त, 2017 को बाढ़ में डूबने से हो गयी थी, जिसके आश्रित को अबतक अनुदान की राशि 4,00,000 (चार लाख) रुपया का भुगतान नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मृतक के आश्रित को मृत्यु पश्चात् मिलने वाले अनुदान की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र निर्माण करवाना

*458. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत अतरी विधान सभा क्षेत्र में पाँच स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना हेतु अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, पटना के पत्रांक 44(10), दिनांक 15 जून, 2021 के आलोक में जिला पदाधिकारी (गया) के पत्रांक 4083, दिनांक 16 जून, 2021 के द्वारा आदेश निर्गत किया गया है, जिसमें माननीय विधायक का परामर्श लेना भी सुनिश्चित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिना माननीय विधायक के सलाह (परामर्श) के ही पदाधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण हेतु स्थान चयन कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माननीय विधायक के परामर्श के आलोक में ही स्वास्थ्य उप-केन्द्र निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*459. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, मधेपुरा ने अपने पत्रांक 436, दिनांक 16 मार्च, 2021 के द्वारा विभाग को वर्ष 2014-15 में मधेपुरा विधान सभा क्षेत्र में कार्यरत कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता से 52,69,170 (बावन लाख उनहत्तर हजार एक सौ सत्तर) रुपये असमायोजित राशि वसूलने हेतु पत्र प्रेषित किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि के समायोजन के अभाव में अनेकों जनोपयोगी योजनाएँ अधूरी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राशि को समायोजित नहीं करने के दोषियों पर कार्रवाई करते हुये अपूर्ण योजनाओं को जनहित में पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराना

*460. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के खैरा प्रखंड के कागेसर में गिद्धौर के तत्कालीन राजा शुकदेव वर्मन ने 108 शिवलिंगों एवं दुर्गा मंदिर की स्थापना 1162 ई0 में की थी, जहाँ पर हजारों पर्यटक भ्रमण को आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस दर्शनीय स्थल पर पर्यटकीय सुविधाओं के अभाव के कारण श्रद्धालुओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दर्शनीय स्थल पर पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराने एवं इसका सौंदर्यीकरण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*461. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत संझौली ग्रिड में 5 MVA का ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण 3 MVA का ट्रांसफॉर्मर लगा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जब से 3 MVA का ट्रांसफॉर्मर लगा है, वहां लो वोल्टेज की समस्या व लोड शेडिंग की समस्याएँ बनी हुई हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस 3 MVA के ट्रांसफॉर्मर को बदलकर 5 MVA का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्वासित करना

*462. श्री नरेन्द्र नारायण यादव (क्षेत्र संख्या-70 आलमनगर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत अंचल आलमनगर के अधीन ग्राम पं0 रतवाड़ा के ग्राम-कमसिया के वार्ड नं0 6 में वास करने वाले 156 परिवार मुख्य कोसी नदी के किनारे बसे हुए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसी भी वक्त यह टोला कोसी नदी में समा सकते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 156 परिवारों को ऊँची जगह पर पुनर्वासित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*463. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नारायणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*464. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को वर्ष 2019 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया था तथा इसके भवन निर्माण के लिए भूमि भी आवंटित कर दी गई है परन्तु इस संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आवंटित भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पावर ग्रिड से जोड़ना

*465. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत भवानीपुर प्रखण्ड के न्यू पी0एस0एस0 ग्राम-भिट्ठा का 33 हजार के0वी0 का लाइन पूर्णियाँ पावर ग्रिड से संचालित किया जाता है, जो पूर्णियाँ पी0एस0एस0 से मीरगंज पी0एस0एस0 से दरगाह पी0एस0एस0 से होकर भिट्ठा पी0एस0एस0 को जोड़ा गया है, जिससे विद्युत् आपूर्ति में बराबर बाधा उत्पन्न होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भिट्ठा पी0एस0एस0 से लगभग 6-7 कि0मी0 की दूरी पर जिला मधेपुरा के चौसा तिरासी पावर ग्रिड से भिट्ठा पावर ग्रिड स्टेशन तक पोल का कार्य पूर्ण हो चुका है, परन्तु उस पावर ग्रिड से अभीतक नहीं जोड़ा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधेपुरा जिला के चौसा तिरासी पावर ग्रिड से पूर्णियाँ के भिट्ठा पी0एस0एस0 को जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का जीर्णोद्धार

*466. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखंड के ग्राम पंचायत कछियावाँ अंतर्गत ग्राम-अकैड़ में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन अतिजर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र, अकैड़ के भवन जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मंदिर का सौंदर्यीकरण

*467. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखंड के ग्राम-दानापुर में एक प्राचीन शिव मंदिर अवस्थित है, जहाँ लाखों श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0एच0 27 के नजदीक होने के बावजूद सड़क मार्ग का अभाव है और पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण इस भव्य मंदिर के अगल-बगल का विकास बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटकीय विकास हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराकर इस मंदिर तक जाने हेतु सुगम सड़क बनाने एवं आसपास के क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बहाल करना

*468. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-130 पातेपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिला के मान्यताप्राप्त सांख्यिकी स्वयं सेवक (ए0एस0भी0) को सेवा से हटाने के उपरांत उनकी हालत काफी दयनीय है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी सांख्यिकी स्वयं सेवक (ए0एस0भी0) को पुन: बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि का भुगतान

*469. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम प्रखंड स्थित पंचायत-सैदाबाद कनपा, ग्राम-जनपारा के अभिराज कुमार, पिता श्री अभय सिंह की मृत्यु दिनांक 3 फरवरी, 2020 को नहर में डूब जाने से एवं पंचायत-अराप, ग्राम-अराप के संजय कुमार, पिता स्व० रामप्रसाद सिंह की मृत्यु दिनांक 20 दिसम्बर, 2020 को पोखर में डूब जाने से एवं नौबतपुर प्रखंड स्थित पंचायत-करंजा, ग्राम-फुलचंदचक के संजय कुमार, पिता-स्व० लालबाबू राय की मृत्यु दिनांक 9 जुलाई, 2020 को आहर में डूब जाने से हो गई है, जिसका सत्यापन अंचलाधिकारी द्वारा किये जाने के बावजूद आजतक आश्रित परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*470. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड में कुंड़वा में स्थित विद्युत् उप-केन्द्र में 5 एम० बी० ए० का ट्रांसफॉर्मर मई, 2021 में खराब है, जिससे क्षेत्र की जनता को बिजली नहीं मिल रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण एजेंसी बजाज कम्पनी के द्वारा घटिया ट्रांसफॉर्मर लगाने के कारण बिजली बाधित है, जिससे क्षेत्र की जनता में काफी असंतोष एवं आक्रोश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माण एजेन्सी के कार्यों की उच्चस्तरीय जाँच कराकर कार्रवाई करने और यथाशीघ्र ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा का नियमितीकरण

*471. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोविड-19 में सदर अस्पताल, हाजीपुर एवं अनुमंडलीय अस्पताल, महुआ सहित राज्य के सभी अस्पतालों में ए० एन० एम० की नियुक्ति की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियुक्त सभी ए० एन० एम० द्वारा कोरोना महामारी में बेहतरीन सेवा देने के बावजूद भी इन्हें स्थायीकरण करने के बजाये सेवा समाप्त की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोरोना महामारी में नियुक्त सभी एन० एन० एम० की सेवा नियमितीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*472. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रखंड विभूतिपुर अन्तर्गत महथी उत्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद सृजित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ पदस्थापित नहीं रहने के कारण महिला रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शैक्षणिक पदाधिकारियों हेतु

*473. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजकीय तिब्बती कॉलेज एवं अस्पताल, पटना में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् नई दिल्ली के न्यूनतम मापदंड के अनुसार शैक्षणिक पदाधिकारियों की काफी कमी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राजकीय तिब्बती कॉलेज एवं अस्पताल, पटना में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् नई दिल्ली के न्यूनतम मापदंड के अनुसार शैक्षणिक पदाधिकारियों की कमी को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदाधिकारी का पदस्थापन

*474. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधुबनी शहर में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या पहले 27 हजार थी जो अब नगर निगम क्षेत्र बन जाने के बाद से 40 हजार हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी नगर निगम क्षेत्र में विद्युत् अवर प्रमंडल कार्यालय स्थापित किये जाने हेतु उपभोक्ता संख्या सहित सारी अर्हताओं को पूरा करता है परंतु अभीतक मात्र एक प्रशाखा कार्यालय ही कार्यरत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के मधुबनी नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत् अवर प्रमंडल कार्यालय स्थापित कर उसमें विद्युत् अवर प्रमंडल पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपूर्ति करना

*475. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर स्थित राज्य के इकलौते मानसिक आरोग्यशाला की स्थिति काफी दयनीय है एवं मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है, यहाँ पर स्पेशलिस्ट और सामान्य चिकित्सक के सभी 10 पद खाली है, डॉक्टर के कुल 30 पद के विरुद्ध मात्र 7 डॉक्टर हैं, नर्स के 50 पद के विरुद्ध मात्र 1 नर्स है, परिचारिका के सभी पद खाली है, मानसिक अस्पताल के मानक के अनुसार स्पेशलिस्ट डॉक्टर, नर्स पारामेडिकल स्टाफ, सपोर्टिंग स्टाफ आदि के 80 प्रतिशत से ज्यादा पद खाली हैं तथा दावाओं की आपूर्ति 4 माह से बंद है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल की मूलभूत सुविधाओं सहित, दवा की अविलंब आपूर्ति एवं सभी खाली पदों को भरने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

टीकारण की व्यवस्था हेतु

*476. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोवैक्सीन टीका की अनुपलब्धता के कारण दूसरी डोज के लिये लोग भटक रहे है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्थावां विधान सभा के अंतर्गत किसी भी अंचल/प्रखंड में कोवैक्सीन टीका नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडें के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कोवैक्सीन टीका की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये दूसरी डोज देने की प्राथमिकता के साथ-साथ अस्थावां विधान सभा अंतर्गत आने वाले सभी अंचल/प्रखंडों में को-वैक्सीन टीकाकरण की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नया तार एवं पोल लगवाना

*477. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के पावर ग्रिड से बिजली की आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर ग्रिड से ग्राम-सियरभूका तक नया पोल एवं तार बदला गया है तथा उसके आगे ग्राम-सोईयापर एवं मेवा बिगहा में नया पोल एवं तार (ग्यारह हजार) नहीं बदला गया है जिससे उक्त क्षेत्र में पुराना तार बराबर टूटकर गिरता रहता है जिस कारण बिजली की आपूर्ति बराबर बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में नया तार एवं पोल लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*478. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज पीएचसी में मरीजों कि संख्या यहां उपलब्ध बेडों कि संख्या में काफी अधिक रहती है, तथा पीएचसी का भवन भी जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक वारिसलीगंज पीएचसी को सीएचसी में परिवर्तित कर नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापना करना

*479. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन विधान सभा अन्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र बिशनपुर, सिंघाड़ी, पुठीमारी, मौधो, नरकली, अंधासूर, घुरना एवं पिछला का भवन बन कर तैयार है लेकिन इन केन्द्रों पर चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की पदस्थापना अभीतक नहीं हो पायी है जिससे आमजनों को उपचार संबंधी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक वर्णित स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्मार्ट मीटर नहीं लगाना

*480. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल नगर परिषद् क्षेत्र के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है किन्तु स्मार्ट मीटर से बिजली बिल में अनियमितता आ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मीटर रिडिंग एवं बिजली खपत में भारी असमानता रहती है, जिस वजह से आम नागरिक स्मार्ट मीटर लगाना पसंद नहीं करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरवल नगर परिषद् क्षेत्र के घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राहत देना

*481. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के यादोपुर, पानापुर, रंजिता, सोनवरसा, बैरियाडीह, तुरकौलिया प्रखण्ड के बेलवाराय, बिजूलपुर, सपही, तुरकौलिया पश्चिमी, रघुनाथपुर, हरदिया पंचायतों में नेपाल से आयी बाढ़ का पानी ग्रामीणों के घरों में घुस कर उक्त पंचायतों में भारी तबाही मचायी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन बाढ़ पीड़ितों को राहत देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर अस्वीकारात्मक है। जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार हरसिद्धि अंचल अन्तर्गत कोई भी पहाड़ी या स्थानीय नदी नहीं है। इस क्षेत्र में बाढ़

का पानी प्रवेश नहीं किया है। तुरकौलिया अंचल अन्तर्गत बेलवारा, सपही, हरदिया, बिजूलपुर एवं तुरकौलिया पंचायतों में भारी वर्षा के कारण जल-जमाव हो गया था, परन्तु जल स्तर में तत्काल कमी आ गयी। इस प्रकार यहां वर्तमान में राहत कार्य चलाने की आवश्यकता नहीं है।

--------

कार्रवाई करना

*482. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखण्ड में विद्युत् कनीय अभियंता के विरुद्ध मुख्यालय के आदेश पर मार्च, 2021 में विद्युत् कार्यपालक अभियंता, सासाराम द्वारा जाँच किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जाँच रिपोर्ट में विद्युत् कनीय अभियंता दोषी पाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त दोषी पदाधिकारी के खिलाफ अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी विद्युत् कनीय अभियंता पर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*483. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत जमालपुर नगरपालिका व प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी०एच०सी०) स्वीकृत है तथा उसके लिये भूमि अधिग्रहण सितम्बर, 2020 में ही कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में जमालपुर नगरपालिका व प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी०एच०सी०) का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केबुल तार लगवाना

*484. श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्ड अन्तर्गत मढ़िया चौक पर बिजली का खंभा टेढ़ा होने के चलते ओपन तार लटक रहा है जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना होने की प्रबल संभावना है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बिजली खंभा को सीधा कर ओपन तार के स्थान पर केबुल तार कबतक लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता उपलब्ध कराना

*485. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड रक्सौल एवं आदापुर नेपाल के तराई क्षेत्र में बसा हुआ है, जिससे वर्षाऋतु में नेपाल के ऊँचाई क्षेत्र का पानी यहां के किसानों का घर, मवेशी एवं अन्य कृषि फसल को बर्बाद कर देता है जिससे किसानों को आर्थिक क्षति होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्थानीय किसानों को आर्थिक सहायता एवं अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) उत्तर आंशिक स्वीकारात्मक है। जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार नेपाल से आये हुये पानी का ठहराव आदापुर प्रखंड में एक से दो दिन तक रहता है।

(2) आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधान के अनुरूप किसी प्रकार की क्षति होने पर समय-समय पर नियमानुसार किसानों को सहाय्य उपलब्ध करायी जाती है। वर्तमान में रक्सौल प्रखंड के अन्तर्गत आकस्मिक फसल योजना अन्तर्गत किसानों को धान बीज का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में दोनों प्रखंडों (रक्सौल एवं आदापुर) में बाढ़ राहत कार्य की आवश्यकता नहीं है ।

पावर सब-स्टेशन हेतु

*486. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनिया प्रखंड के पदमा या कमतौलिया ग्राम में विद्युत् पावर सब-स्टेशन नहीं रहने के कारण अनियमित विद्युत् आपूर्ति की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लदनिया पावर सब-स्टेशन से पदमा की दूरी 10 किलो मीटर एवं कमतौलिया की दूरी 7 किलो मीटर है जिस कारण निर्बाध विद्युत् की आपूर्ति नहीं हो पाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पावर सब-स्टेशन के लिये पदमा एवं कमतौलिया गाँव में सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित स्थान में पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*487. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया विधान सभा के क्षेत्र के बंजरिया प्रखंड अन्तर्गत जनेरवा पंचायत के ग्राम-जनेरवा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम के जनता को स्वास्थ्य सुविधा हेतु मोतिहारी शहर में 15-20 किलो मीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सीतामढ़ी डिवीजन में जोड़ना

*488. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में विद्युत् आपूर्ति को दो डिवीजन में बाँट दिया गया है, सीतामढ़ी एवं पुपरी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनबरसा एवं परिहार से पुपरी जाने में 60 से 65 किलो मीटर की दूरी पड़ती है, जबकि सीतामढ़ी जाने में मात्र 30 से 32 किलो मीटर पड़ता है, जिसके कारण आम जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आमजनता को कठिनाइयों को देखते हुये सोनबरसा एवं परिहार प्रखंड को पुपरी डिवीजन से हटाकर सीतामढ़ी डिवीजन में जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली से रौशन करना

*489. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के मैनाटाड प्रखंड के खामियाँ, इनरवा बाजार के पास, खामियाँ, इनरवा पंचायत के वार्ड नम्बर 6 के दलित बस्ती में आजतक विद्युत् आपूर्ति नहीं दी जा सकी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इनरवा के दलित परिवारों के घरों को बिजली से रौशन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*490. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत शाम्हो प्रखंड के शाम्हो-सल्हा-बरारी (एस0एस0बी0 2) पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण वहाँ चिकित्सा पूर्णतः बाधित है, जिसके कारण आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपस्थिति सुनिश्चित करना

*491. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लारनपुर, इस्लामपुर प्रखंड मुख्यालय से 15 किलो मीटर की दूरी पर कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित डॉक्टर एवं नर्स उपस्थित नहीं रहते हैं साथ ही स्वास्थ्य भवन भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र में अत्याधुनिक उपकरण नहीं रहने के कारण कोविड महामारी में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में विफल रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अत्याधुनिक उपकरण लगाने, भवन का निर्माण कराने के साथ कबतक डॉक्टर एवं नर्सों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल का संचालन

*492. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत जी0एन0एम0 ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल, महुली प्रखंड गिद्धौर का निर्माण 20.45 करोड़ की लागत से किया गया है तथा इसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2020 को किया जा चुका है किन्तु विभाग द्वारा अबतक उक्त ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल का संचालन प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ट्रेनिंग स्कूल एवं हॉस्टल का संचालन वर्तमान सत्र से प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*493. श्रीमती मंजू अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेरघाटी विधान सभा अन्तर्गत आमस प्रखंड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक हेल्थ मैनेजर एवं सर्जन डॉक्टर का स्थान रिक्त है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र में रिक्त पदों की कमी दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समस्याओं का समाधान

*494. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल सदर अस्पताल में लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या 4 है जिसमें से एक जर्जर है तथा वाहन एम्बुलेंस एक है किन्तु वह भी जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अरवल सदर अस्पताल में 30 डाक्टरों के पद के विरुद्ध महज 17 डाक्टर पदस्थापित है, जिसमें तीन नियुक्ति के बाद से अभीतक अनुपस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) एवं (2) में वर्णित समस्याओं का समाधान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*495. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गुरूआ के माण्डा पंचायत के भरौंधा बाजार में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन रंग-रोगन कराकर भी विभागीय उदासीनता के कारण चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्तमान कोरोना काल के दौर में उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को तुरंत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मीगण को पदस्थापित कर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सब-स्टेशन से जोड़ना

*496. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत मरंगी पंचायत के रघुनीचक के कुछ विद्युत् उपभोक्तओं को कटिहार और कजरा विद्युत् सब-स्टेशनों से अलग-अलग जोड़ दिया गया है किन्तु दोनों विद्युत् सब-स्टेशनों की आपूर्ति की स्थिति में भिन्नता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूरे मरंगी पंचायत को कजरा विद्युत सब-स्टेशन से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण

*497. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, देवकुंड का अपना भवन नहीं होने के कारण यह निजी मकान में भाड़े पर संचालित है जिसके कारण रोगियों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है जबकि उप-स्वास्थ्य केन्द्र हेतु भूमि दानदाता द्वारा दी जा चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवकुंड का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन स्थल हेतु

*498. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के कमला, बलान एवं सोनी नदी के त्रिवेणी संगम पर पिपराधार अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिपराधार में कार्तिक पूर्णिमा के समय हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान, मुंडन आदि संस्कारों के लिए आते हैं परंतु पर्यटक स्थल के रूप में विकसित नहीं होने से पर्यटकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मृत्यु प्रमाण-पत्र देना

*499. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-भोजपुर, थाना-संदेश, ग्राम-प्रतापपुर निवासी परशुराम सिंह, पिता-स्व0 गोरखनाथ सिंह को दिनांक 3 मई, 2021 को तबियत खराब होने पर सदर अस्पताल भोजपुर (आरा) में भर्ती कराया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में इनका इलाज कोविड का चला और अस्पताल में ही इलाजरत रहते हुए दिनांक 11 मई, 2021 को 7.00 बजे पूर्वा0 में कोविड पीड़ित होने से इनकी मौत हो गयी ;

(3) क्या यह बात सही है कि अस्पताल प्रशासन के द्वारा इनके परिवार को अभीतक कोविड महामारी से मृत्यु का प्रमाण-पत्र नहीं दिया गया है, जिसके कारण इनका परिवार सरकारी मुआवजा राशि के लिए आवेदन नहीं कर सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इनका मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ ही कोविड गाइड लाइन के अनुसार मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*500. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के बैरिया में विद्युत् उप-केन्द्र के निर्माण की मंजूरी 2016 में सरकार के द्वारा दी गयी थी और निर्माण कार्य 2019 में पूरा करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 5 वर्षों की अवधि के बाद भी उपर्युक्त निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है, तथा निर्माण कार्य की लागत राशि भी बढ़ गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले दोषी पर सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् सब-स्टेशन हेतु

*501. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत मटिहानी प्रखंड के सोनापुर पंचायत एवं मटिहानी-1 में पावर सब-स्टेशन नहीं रहने के चलते विद्युत् आपूर्ति में उस इलाके के आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इन दोनों पंचायतों में से किसी एक पंचायत में विद्युत् सब-स्टेशन का अधिष्ठापन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् सब-स्टेशन बनाना

*502. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड अंतर्गत तैंतीस पंचायत है जहां एक विद्युत् सब-स्टेशन रहने से पर्याप्त विद्युत् आपूर्ति नहीं होती है, मात्र चार घंटा ही विद्युत् आपूर्ति हो पाती है जिससे वहाँ के किसानों एवं आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के गोविंद पितौझिया ग्राम में एक अतिरिक्त विद्युत् सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शामिल करना

*503. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत क्रियान्वित होने वाली कार्यों की सूची में पुल/पुलिया शामिल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में पहले मुख्यमंत्री सेतु योजना अन्तर्गत पुल/पुलिया का निर्माण होता था जो विगत 7 वर्षों से बंद है । विभागीय सड़कों के अतिरिक्त ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में ध्वस्त पुल/पुलिया/पैदल पार पथ के अभाव में आवागमन पूर्णत: बाधित रहता है जिसका समाधान ससमय नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से क्रियान्वित होने वाले कार्यों की सूची में पुल/पुलिया/ पैदल पार पथ को जनहित में कबतक शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् सब-स्टेशन अधिष्ठापित करना

*504. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित विद्युत् पावर सब-स्टेशन की क्षमता कम होने के कारण प्रखंड के अधिकांश समीपवर्ती क्षेत्रों में विद्युत् निरन्तर बाधित होती रहती है तथा संचरण एवं वितरण संबंधी अनेक जटिलताएँ उत्पन्न होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कोटवा प्रखंड अन्तर्गत जसौली पंचायत के जमुनिया में सरकारी परती भूमि पर एक नये विद्युत सब-स्टेशन अधिष्ठापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*505. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखंड के ग्राम पंचायत खजुरा के ग्राम-विशुनपुर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का रंग-रोगन एवं साधारण मरम्मती तथा चहारदीवारी निर्माण की आवश्यकता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विशुनपुर का रंग-रोगन, मरम्मती एवं चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*506. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड के कर्पूरी चौक से मोहनपट्टी, गिरिजा कलानेश्वर कॉलेज से पेट्रोल पंप, भगवती चौक से जसो, कोदरकट्टा चौक से चानन, मनमोहन से राढ़, मझौरा से खौना, मनमोहन से सिरियापुर तक के 11 हजार वोल्ट के जर्जर तार एवं पोल बदलने के लिये कार्यपालक अभियंता प्रोजेक्ट के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी हैं, जिसके कारण स्थानीय लोगों को निर्बाध विद्युत् में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं तथा राजस्व की भी क्षति हो रही हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक प्रश्नांकित स्थानों के तार पोल को बदलने तथा लापरवाह विभागीय अधिकारी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रद्द करना

*507. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में पाँच स्वा० उपकेन्द्र बनाने की योजना है जिसमें क्षेत्रीय विधायक की अनुशंसा अनिवार्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेलहर विधान सभा के विधायक की अनुशंसा प्राप्त किये बिना पाँच स्वा० उपकेन्द्र की अनुशंसा सूची पदाधिकारियों द्वारा विभाग को भेज दी गई है जो न्यायोचित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिना विधायक की अनुशंसा के भेजे गये सूची को अविलम्ब रद्द करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पूर्ण सुविधा देना

*508. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने हम सबों को यह एहसास करा दिया है कि भविष्य में स्वास्थ्य रक्षा हेतु आधारभूत संरचना के साथ चिकित्सक, टेक्निशियन, पारा मेडिकल स्टाफ एवं आधुनिक उपकरण से अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्र को सुसज्जित करना नितांत आवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुलभ स्वास्थ्य सेवा हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार के साथ चिकित्सक, टेक्निशियन, पारा मेडिकल स्टाफ एवं आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी तरह के स्वास्थ्य केन्द्रों पर समुचित इलाज की पूर्ण सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

*509. डॉ० सी० एन० गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 जून, 2021 को प्रकाशित ''एनेस्थिसिस्ट रहने के बाद भी नहीं चले वेंटीलेटर'', शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के कोरोना की दूसरी लहर में सीतामढ़ी, सारण, नालंदा आदि जिलो में 3-3 ऐनेस्थिसिस्ट रहने के बाद भी वेंटीलेटर नहीं चली और बाद में सरकार ने निजी अस्पतालों को वेंटीलेटर उपयोग कर सकते है कि लिये विज्ञापन निकाला गया, यदि हाँ, तो कोरोना काल की दूसरी लहर में उक्त जिलों में एनेस्थिसिस्ट के रहने के बाद भी वेंटीलेटर नहीं चलाने का क्या औचित्य है ?

--------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*510. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ० जा०))--क्या मंत्री, पर्यटक विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंझौल स्थित कावर झील पूरे एशिया का सबसे बड़ा शुद्ध जल का झील और पक्षी विहार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक साल यहां हजारों पर्यटक भ्रमण को आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कावर, झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थानांतरण करना

*511. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार सरकारी पदाधिकारी को एक जगह तीन वर्ष से अधिक पदस्थापित नहीं रहने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी 10 वर्षों से अधिक समय से तरैया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही कार्यरत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पदाधिकारी का स्थानांतरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव से निजात

*512. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सदर अस्पताल, सासाराम में सालों भर जल-जमाव लगा रहता है जिसके कारण मरीजों को अस्पताल आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सदर अस्पताल में जल-जमाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर स्थापित करना

*513. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सोनवर्षा प्रखंड के कासनगर पंचायत के चौथमबासा में 60 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर 3 वर्षों से स्थापित है किन्तु कम वाट का ट्रांसफॉर्मर स्थापित रहने से पंचायत में प्रायः बिजली गुल रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार चौथमबासा में 200 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर बिजली की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि देना

*514. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने राज्य में कोविड-19 से होने वाली मौत पर मृतक के आश्रित को चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा वर्ष 2020 में ही की थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत (क) अरूण कुमार, पिता-मंकेश्वर नाथ प्रसाद, मोहल्ला-राजकुमारगंज, थाना-विश्वविद्यालय की मृत्यु दिनांक 24 अगस्त, 2020 को (ख) सरयुग प्रसाद, पिता-स्व० कृष्णा प्रसाद, ग्राम-मब्बी, थाना-मब्बी ओ०पी० की मृत्यु दिनांक 8 अगस्त, 2020 को (ग) विजय प्रसाद सिंह, पिता-स्व० महेन्द्र प्रसाद सिंह, मोहल्ला-बंगलागढ़, मिश्रीगंज, थाना-विश्वविद्यालय की मृत्यु दिनांक 2 अक्टूबर, 2020 को होने के अलावे अन्य 215 लोगों की मृत्यु कोविड-19 से हुयी, जिनकों अभीतक चार लाख मुआवजा की राशि नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा जिला में कोविड-19 से हुयी मृतक के आश्रितों को 4 लाख की मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मीटर लगाना

*515. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पहुँसरा वार्ड नं० 2 मिर्चाईबाड़ी टोला में 55 परिवार बिजली का मीटर लगाने के लिये 8 माह पूर्व कंज्यूमर आई०डी० प्राप्त किया था लेकिन अबतक उन परिवारों के घरों में बिजली मीटर नहीं लगाया गया है जबकि बिजली आपूर्ति की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उन घरों में कबतक बिजली का मीटर लगाने का विचार रखती है ?

--------

कंनेक्शन देना

*516. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के कृषकों के हित के लिये मा० मुख्यमंत्री कृषक विद्युत् संबंध योजना लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री कृषक विद्युत् संबंध योजना के तहत आवेदकों द्वारा कैंप में एवं ऑनलाइन आवेदन किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि ऑनलाइन आवेदकों यथा श्री सुरेन्द्र चौबे, गोसाईपुर, चौसा (बक्सर) एवं श्री अरूण दूबे, परसिया, सदर बक्सर सहित अन्य आवेदकों को कृषि विद्युत् कनेक्शन से वंचित रखा जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ऑनलाइन आवेदकों को सरकार कबतक विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मेडिकल कचड़ों से मुक्ति हेतु

*517. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 24 मई, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''DMCH व नगर निगम प्रशासन की आपसी लड़ाई में अस्पताल परिसर में लगा कचड़ों का ढेर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उत्तर बिहार की एक मात्र अस्पताल DMCH दरभंगा को जाने वाली मुख्य सड़क पर OPD और इमरजेंसी के पास सड़क के एक हिस्से में कचड़ों का ढेर लगा हुआ है, तो दूसरे हिस्से में OPD के पास सालों भर जल-जमाव और दलदल बना रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन कचड़ों में सामान्य कचड़ा के साथ-साथ मेडिकल कचड़ा भी शामिल है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार DMCH अस्पताल को कचड़ों से मुक्ति हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शामिल करना

*518. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ऑप्थेलमिक सहायक की भर्ती हेतु न्यूनतम योग्यता में डिप्लोमा इन ऑप्थेलमिक असिस्टेंट को अनिवार्य किया गया है जबकि अन्य राज्यों में और यहां तक कि बिहार में 2017 की बहाली में बैचलर इन ऑप्टोमेट्री को भी न्यूनतम योग्यता में शामिल किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस मापदंड के कारण बिहार के आई०जी०आई०एम०एस० एवं पी०एम०सी०एच० के अलावा दिल्ली एम्स, शंकर नेत्रालय, चेन्नई आदि सरकारी एवं निजी संस्थानों से प्रतिवर्ष बैचलर इन ऑप्टोमेट्री कोर्स करने वाले हजारों छात्र इस अवसर से वंचित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऑप्थेलमिक सहायक की भर्ती हेतु न्यूनतम योग्यता में बैचलर इन ऑप्टोमेट्री कोर्स को शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## गुणवत्ता की जाँच करना

*519. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर, सेमरी एवं चक्की प्रखंड में हर घर/हर खेत को बिजली देने के लिये बिजली का ठेका टेक्नों कम्पनी को दिया गया है, जो धीमी गति से अपर्याप्त सामग्री के साथ गुणवत्ताहीन कार्य कर रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कम्पनी के कार्य को गुणवत्ता की जाँच कर समय पर कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## भवन का निर्माण

*520. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ढाका विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ढाका प्रखंड में 8 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 23 उप-स्वास्थ्य केन्द्र तथा घोड़ासहन प्रखंड में 5 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 13 उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाका प्रखंड के साथ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 20 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के एवं घोड़ासहन प्रखंड में 5 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 11 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के पास जमीन रहते हुये भवन निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ढाका एवं घोड़ासहन प्रखंड के भवनविहीन 12 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 31 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन कबतक निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## भवन का निर्माण

*521. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी व्यवहार न्यायालय का संचालन वर्ष 2015 से राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय के भवन में चल रहा है, जो जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटोरी अनुमंडल कार्यालय का भवन 6 एकड़ में बना हुआ है एवं अभी भी अनुमंडल परिसर में 46 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटोरी अनुमंडल के शेष बचे हुये 46 एकड़ के परिसर में नये व्यवहार न्यायालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## अनुदान राशि देना

*522. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत गोरेयाकोठी विधान सभा क्षेत्र के लकड़ी नवीगंज, बसंतपुर एवं गोरेयाकोठी के अंचल पदाधिकारियों द्वारा सहायता अनुदान राशि हेतु जितने नामों की अनुशंसा 2020 में की गयी थी उनमें से लकड़ी नवीगंज अंचल के 10, गोरेयाकोठी अंचल के 4 एवं बसंतपुर अंचल के 5 मृत व्यक्तियों के आश्रितों को सहायता अनुदान राशि अभीतक प्राप्त नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सहायता अनुदान राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधिकारी पर कार्रवाई

*523. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत घोसी विधान सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना अन्तर्गत तत्कालीन माननीय विधायक द्वारा अनुशंसित वर्ष 2016-17 से लेकर 2020-21 की कई योजनायें अपूर्ण है और कई शुरू भी नहीं हुई है जबकि रिपोर्ट में सभी योजनाओं को पूर्ण दिखा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घोसी प्रखंड अन्तर्गत थल्लु, बिगहा में छायादार चबुतरा का ढलाई कार्य नहीं हुआ है तथा मोदनगंज प्रखंड उमराई बिगहा में सामुदायिक भवन का कार्य अपूर्ण है परंतु पैसों की निकासी कर कार्य पूर्ण बता दिया गया है, साथ ही घोसी बाजार में कहीं भी सार्वजनिक शौचालय नहीं दिखता और निर्माण पूर्ण दिखाकर पैसों की निकासी कर ली गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने एवं गलत रिपोर्ट करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् सेवा उपलब्ध कराना

*524. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पताही प्रखंड अन्तर्गत बखरी पंचायत के चम्पापुर वार्ड नम्बर 12 एवं 15 में चम्पापुर से बखरी दलित बस्ती तक विद्युतीकरण कार्य हेतु पोल एवं तार नहीं लगाया गया है, जिस कारण वहाँ की जनता बिजली की सुविधा से वंचित है, यदि हाँ, तो उक्त वर्णित स्थानों में विद्युत् सेवा उपलब्ध कराने का सरकार कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाल करना

*525. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड में राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय से प्राध्यापकों एवं चिकित्सकों का स्थानान्तरण कर दिया गया तथा वर्तमान में एक भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं है जिससे महाविद्यालय बंद होने के साथ ही इसके अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में मानक के अनुरूप प्राध्यापकों एवं चिकित्सकों का पदस्थापन कराकर पुनः पूर्व की भाँति संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौन्दर्यीकरण करना

*526. श्री नरेन्द्र नारायण यादव (क्षेत्र संख्या-70 आलमनगर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड चौसा के अधीन रामजानकी ठाकुरबाड़ी कलाशन एवं कलाशन पोखर का पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्थान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, मधेपुरा ने उक्त दोनों स्थलों के सौन्दर्यीकरण की योजना का प्राक्कलन तैयार कर अपने पत्रांक 98, दिनांक 27 फरवरी, 2020 के द्वारा विशेष सचिव, पर्यटन विभाग, पटना को भेजा था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु उक्त रामजानकी ठाकुर कलाशन एवं कलाशन पोखर के सौन्दर्यीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना कराना

*527. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के ग्राम-बसहा एवं ग्राम-मदारीपुर का उप-स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्रखंड बोखड़ा के ग्राम-कुरहर एवं ग्राम-पोखरैरा का उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्य कर्मी के पदस्थापित नहीं रहने के कारण बंद पड़ा है, जिस कारण मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कर्मियों की पदस्थापना कर इन स्वास्थ्य उप-केन्द्रों को सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*528. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखण्ड अन्तर्गत अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र, पुरैनिया का भवन जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वा0 केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति है, पर संसाधन के अभाव में चिकित्सा सेवा ठप है, जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को काफी असुविधा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पुरैनिया का भवन निर्माण कराकर स्वा0 केन्द्र को पूर्णरूप से संचालित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति कराना

*529. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी एवं सहदेई हॉस्पीटल का प्रभार एक ही चिकित्सा पदाधिकारी के पास है, जिसके कारण उक्त प्रखंड के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त हॉस्पीटलों में अलग-अलग प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*530. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखण्ड अन्तर्गत धेवधा ग्राम में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्र किराये के मकान में संचालित था जो अब बंद हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जनहित में सरकार कबतक उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन बनवाकर इसे पुनः चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*531. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के प्रखंड एकंगरसराय अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मंडाच्छ के 08 किलो मीटर की परिधि में दूसरा स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिससे स्थानीय मरीजों को इलाज में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मंडाच्छ को अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*532. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी अनुमण्डलीय अस्पताल का निर्माण विगत 15 वर्षों से अर्द्धनिर्मित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अर्द्धनिर्मित अनुमण्डल अस्पताल के भवनों का निर्माण कार्य अविलम्ब पूर्ण कर जनहित में चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*533. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार प्रत्येक गांव, नगर एवं घर को विद्युत् आच्छादित करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार की घोषणा के बावजूद भी सीतामढ़ी जिला के सुरसंड, पुपरी सहित अन्य प्रखण्डों/पंचायतों में अभीतक बिजली का तार-पोल तक नहीं गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सुरसंड प्रखण्ड के अमना पंचायत सहित अन्य पंचायत के वार्ड संख्या 2,3,7,12,13 एवं 14 में विद्युतीकरण नहीं हुआ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वंचित पंचायतों/वार्डों में जनहित में विद्युतीकरण कार्य शीघ्र सम्पन्न कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*534. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के साजिद, पिता-मो0 आफताब, नगर परिषद्, वार्ड नं0 26, इस्लामनगर, थाना व जिला-अररिया का देहान्त दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को पनार नदी में डूबने से हो गया था, जिसके आश्रित को अनुदान की राशि 4,00,000/- (चार लाख) रुपया का भुगतान अबतक नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मृतक के आश्रित को मृत्यु पश्चात् मिलने वाले अनुदान की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीकृति देना

*535. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर शहर में अवस्थित सुंदरवती महिला कॉलेज, मिरजानहाट के तीसरे किलो मीटर में आर0 ओ0 बी0 निर्माण का डी0पी0आर0 बनकर विगत एक वर्ष से योजना एवं विकास विभाग में स्वीकृति हेतु लंबित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त आर0 ओ0 बी0 के डी0 पी0 आर0 को स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराना

*536. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के अटहर दक्षिणी पंचायत एवं जोरजा पंचायत में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है परन्तु चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी पदस्थापित नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी उपलब्ध कराकर कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् कनेक्शन देना

*537. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किसानों के हित में कृषि पटवन हेतु हर खेत तक बिजली पहुँचाने हेतु राज्य सरकार की मुख्यमंत्री कृषि विद्युत् संबंध योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना से विद्युत् कनेक्शन लेने हेतु पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के किसानों द्वारा जून, 2019 तक 742 आवेदन तथा सुविधा ऐप के माध्यम से 6866 आवेदन कुल 1428 आवेदन किया गया परन्तु कुल आवेदन के आलोक में अबतक मात्र 240 किसानों को ही कृषि पटवन के लिये कनेक्शन मुहैया कराया गया है शेष आवेदन अबतक लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार की ड्रीम योजना हर खेत तक बिजली को सफल बनाने हेतु उक्त योजना में कृषि पटवन के लिये किसानों द्वारा किये गये आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई करते हेतु विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल संचालन

*538. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ० जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के रेफरल अस्पताल, नौहट्टा जिसका निर्माण 15 वर्ष पूर्व किया गया था, परंतु डॉक्टर एवं चिकित्सा कर्मियों का पदस्थापना नहीं होने के कारण अस्पताल आजतक संचालित नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को चिकित्सा में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल को संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का पुनःनिर्माण

*539. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखंड स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डेरनी का भवन जर्जर हो जाने के कारण स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्र के भवन का पुनःनिर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*540. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत अथरी पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वा० केन्द्र का भवन जर्जर हो चुका है तथा यहां किसी भी प्रकार की सुविधा यथा डॉक्टर, नर्स, दवा आदि कुछ भी नहीं है जबकि बीस पंचायतों के लोगों का यह एक मात्र अस्पताल है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण एवं सभी प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था सुदृढ़ करना

*541. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र, मधेपुरा स्थित मुरलीगंज प्रखंड के रजनी पंचायत के रजनी ग्राम, वार्ड नं० 12 के घनी आबादी वाले घरों के ऊपर से 11 हजार विद्युत् तार वर्तमान में प्रभावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरांकित तार से विद्युत् प्रवाहित होने पर आग का बराबर गोला गिरता रहता है जिससे ग्रामीण जनता काफी भयभीत है और दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रवाहित 11 हजार वोल्ड के तार एवं पोल को स्थानान्तरित कर विद्युत् संचरण व्यवस्था सुदृढ़ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र को 33 के० भी० देना

*542. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रोह और कौआकोल विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र को नवादा ग्रिड 33 के० भी० विद्युत् की आपूर्ति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा ग्रिड से ब्रेक डाउन होने से दोनों प्रखंड में पूर्ण रूप से विद्युत् आपूर्ति बाधित हो जाता है जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में दोनों विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र को अन्य स्रोत से 33 के० भी० देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि का भुगतान

*543. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बोखड़ा प्रखंड में (1) अमित कुमार, पिता-रामनाथ शर्मा, ग्राम-भाऊर (2) दिलखुश कुमार, पिता-शम्भू राम, ग्राम-बोखड़ा सहित अन्य छः लोगों की मृत्यु तथा प्रखंड-नानपुर अन्तर्गत (1) रंगीला कुमारी, पिता-जयप्रकाश राय, ग्राम-भदियान (2) आयुष कुमार, पिता-शिवु साह, ग्राम-सिरसी की मृत्यु वर्ष 2020 में डूबने से हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड-बोखड़ा के जगन्नाथ झा, पिता-हनुमान झा, ग्राम-सामर सहित अन्य दो व्यक्तियों की मृत्यु वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण हो गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मृतक परिवार के आश्रितों को अनुदान राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मंदिर का सौन्दर्यीकरण

*544. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड अंतर्गत माँ तुतला भवानी का मंदिर है, जिसमें प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक दर्शन करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर काफी प्राचीन होने के कारण जर्जर है तथा मंदिर तक जाने वाली 02 कि० मी० सड़क भी टूटा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर का नये सिरे से सौन्दर्यीकरण कराने एवं मंदिर तक जाने वाली टूटी सड़क को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*545. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड के ग्राम-कजलेटा, वार्ड नं० 9 के मोहिद, वे० सुलेमान और सरवर पे० रियाज की मृत्यु दिनांक 10 अगस्त, 2020 को टेम्पु और ट्रैक्टर की आपसी भिड़त में हो गयी थी तथा अन्य लोग भी घायल हो गये थे जिसका जोकीहाट थाना में थाना कांड सं० 286/20, दिनांक 11 अगस्त, 2020 दर्ज है लेकिन उक्त दोनों मृत व्यक्तियों के परिवारों को आपदा राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों/परिजनों को आपदा राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*546. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा के विभिन्न +2 विद्यालय में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत जीम उपकरण की आपूर्ति हेतु निविदा में सफल संवेदक को डीपीओ, अररिया द्वारा आपूर्ति का आदेश दिया गया तदोपरांत संवेदक विभिन्न +2 विद्यालय में जीम उपकरण की आपूर्ति किया ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक के द्वारा आपूर्ति के पश्चात् भुगतान के लिये आवेदन करने पर डीपीओ, अररिया के द्वारा भुगतान पर यह कहते हुये रोक लगा दिया गया कि यह आपूर्ति नियमानुकूल नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डीपीओ, अररिया पर विभागीय कार्रवाई करते हुये जीम उपकरण की आपूर्तिकर्ता संवेदक को शीघ्र भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*547. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 जून, 2021 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "डी०एम०सी०एच० के 31 में से 14 वार्डों में लटक रहे ताले" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोरोनाकाल में मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि को देखते हुये राज्य सरकार अस्पतालों के संसाधनों को और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं, वहीं राज्य के अस्पतालों के कई वार्ड बन्द पड़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच० में 1050 बेड में से 150 से ज्यादा बेड कम हो गये और 31 वार्डों में से 14 वार्ड बिल्कुल बन्द कर दिये जाने से मरीजों को जमीन पर लेटकर इलाज कराना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डी०एम०सी०एच० समेत राज्य के अन्य अस्पतालों की जाँच कराकर आवश्यक कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*548. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड राजपुर एवं इटाढ़ी में बिजली का तार एवं पोल जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण प्रतिदिन ट्रांसफॉर्मर जल जाता है तथा शिकायत करने के बावजूद समय पर ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में अभी खेती का समय है तथा किसान द्वारा बार-बार बिजली की शिकायत की जाती है परन्तु त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में नये बिजली का तार एवं पोल लगाने के साथ खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*549. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के भगवानपुर प्रखंड अन्तर्गत शेरपुर सहिलोरी टोला में संत रविदास स्मृति भवन के निर्माण की अनुशंसा वर्ष 2020-21 में तत्कालीन माननीय सदस्य स्व० रामदेव राय जी के द्वारा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के निर्माण कार्य के लिये चिन्हित भू-भाग जिसका मौजा-शेरपुर थाना 290, खाता-335, खेसरा 472, रकबा-0-01-05-0 जमीन गैर-मजरुआ आम सरकारी है पर निर्माण हेतु अंचलाधिकारी, भगवानपुर के द्वारा दिनांक 29 मई, 2020 को अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया तथा निर्माण कार्य के लिये 14,97,800 रु० तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी, किन्तु निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्मृति भवन का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर तार को बदलना

*550. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पहुँसरा वार्ड नं० 3 मुस्लिम टोला में घनी आबादी है और वहां बिजली का तार लोगों के घरों के ऊपर से गया है जो अब जर्जर हो चुका है और कई बार तार गिरने से आग भी लगी है जिससे जान-माल की क्षति हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला के बिजली के जर्जर तार को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्षमता विस्तार करना

*551. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 01 मार्च, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्क शॉप का नहीं हुआ क्षमता विस्तार'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप, मधुबनी का पाँच वर्ष पूर्व बिजली कार्यालय, मधुबनी के निकट चालू किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि टी०आर०डब्लू० में सिर्फ 63 व 100 केवी के ट्रांसफॉर्मर ही मरम्मती किये जाते हैं जबकि 200 के०वी० और 316 के०वी० के ट्रांसफॉर्मर यहां नहीं मरम्मत होता है इसके लिये दरभंगा टीआरडब्लू को भेजना पड़ता है, जिससे भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक 200 के०वी०ए० व 316 के०वी०ए० के लिये ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप, मधुबनी का क्षमता विस्तार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार को बदलना

*552. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के प्रखण्ड दिनारा एवं दावत में बिजली का तार जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड दिनारा में पंचायत नटवार, सौराट, विसी, गंजभसरा, नगर पंचायत दिनारा, महुवरी एवं नगर पंचायत कोवाथ में बिजली का तार जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में पुराने जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मशीन की व्यवस्था

*553. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, सीवान में शव वाहन नहीं रहने के कारण शव को अस्पताल से घर ले जाने में कठिनाई होती है एवं सीटी स्कैन की व्यवस्था नहीं होने के कारण रोगियों को अस्पताल से बाहर सीटी स्कैन कराने में आर्थिक शोषण होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में शव वाहन एवं सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*554. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत दाउदनगर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दाउदनगर का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि देना

*555. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा आपदा के तहत मृत व्यक्तियों के आश्रित परिवारों को विभाग द्वारा 4 (चार) लाख रुपये की राशि देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत छौड़ादानों प्रखंड, बनकटवा प्रखंड एवं बंजरिया प्रखंडों में विगत 2 (दो) वर्षों के दौरान विभागीय उदासीनता के कारण लगभग 60-70 मृत व्यक्तियों के आश्रित परिवारों के आवेदन को लम्बित रखा गया है, जबकि उक्त सभी मृत व्यक्तियों के आश्रित परिवारों द्वारा सभी आवश्यक कागजात भी उपलब्ध करा दिये गये है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित प्रखंडों में मृत व्यक्तियों के आश्रित परिवारों के आवेदनों को शीघ्र निष्पादित कराते हुये 4 लाख रुपये की मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली बिल में संशोधन

*556. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 से 2017 तक भागलपुर जिला में BDCPL कम्पनी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत् आपूर्ति के साथ-साथ बिजली बिल की वसूली करती थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि कम्पनी ने पीरपैंती के बारा, महेशराम, सुंदरपुर, पीरपैंती बाजार के विद्युत् उपभोक्ताओं को शहरी क्षेत्र का उपभोक्ता मान डी0 एस0 2 श्रेणी का बिजली बिल की माँग की गयी पुनः विभाग के संज्ञान में आने के बाद उक्त गाँवों का ग्रामीण क्षेत्र मान उन्हें डी0 एस0 1 श्रेणी का बिजली बिल दिया जाने लगा किन्तु ओ0टी0एस0 राशि का समाधान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्ष 2013 से 2017 की अवधि में डी0 एस0 2 श्रेणी के आलोक में उपभोक्ताओं को दिये गये बिजली विपत्र को संशोधित/समायोजित/माफ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अग्निशामक वाहन हेतु

*557. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला घनी आबादी वाला क्षेत्र है तथा यहाँ 6 वाटर टेंडर एवं 10 छोटी मिस्ट टेक्नोलॉजी वाहन है, जो जर्जर अवस्था में है तथा त्वरित कार्रवाई के लिये पर्याप्त नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मुंगेर जिला में आधुनिक टेक्नोलॉजी युक्त अग्निशामक वाहन क्रय करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार हटाना

*558. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड के ओबरा विद्युत् शक्ति केन्द्र से निकलने वाले 11 के०भी०ए० करसावाँ फीडर ओबरा निवासियों के घरों के छतों के ऊपर से गुजरती है जिससे जान-माल की क्षति हो चुकी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त फीडर के तारों को घरों के छतों के ऊपर से हटाकर सड़क के किनारे से ले जाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*559. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की योजना हर खेतों की सिंचाई हेतु विद्युतीकरण करने की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ विधान सभा अन्तर्गत अभीतक मात्र 10 प्रतिशत ही कृषि हेतु विद्युतीकरण हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी कृषि योग्य भूमि तक विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*560. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दीनदयाल उपाध्याय, ग्राम-ज्योति योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और गैर-कृषि उपभोक्ताओं को विवेकपूर्ण तरीके से आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये कैमूर जिला के रामगढ़, दुर्गावती एवं नुआँव में कार्य किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस योजना के तहत विभाग के द्वारा चयनित एजेंसी द्वारा 539 Distribution Transformer में से 149 ट्रांसफॉर्मर से उपभोक्ताओं के कनेक्शन के लिये एल० टी० लाइन का एक्सटेंशन नहीं दिया गया है जबकि योजना को पूरा करने का समय-सीमा भी समाप्त हो गया है तथा उपभोक्ताओं को पूरा लाभ मिले बिना ही एजेंसी को सरकार के द्वारा भुगतान कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्यदायी एजेंसी एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली तार का जीर्णोद्धार

*561. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के जलालगढ़ होते हुए डिमिया से श्रीनगर प्रखंड तक 11 हजार वोल्ट का तार विगत 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण विगत 3 वर्षों से तार टूट कर बार-बार गिर जाते हैं जिसके कारण बिजली बाधित हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर बिजली तार को कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाना

*562. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के हरिओ पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के वजह से खासकर गर्भवती महिलाओं और बुर्जुग लोगों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हरिओ पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् की आपूर्ति

*563. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज विधान सभा क्षेत्र के टेढ़ागाछ में बिजली की आपूर्ति अररिया जिला से हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि काफी लम्बी दूरी से बिजली सप्लाई के कारण टेढ़ागाछ के उपभोक्ता को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है तथा लो वोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार टेढ़ागाछ क्षेत्र के लोगों को विद्युत् की आपूर्ति किशनगंज जिला के नजदीकी पावर ग्रिड से करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वीकृति देना

*564. डॉ0 संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोरोना महामारी की संभावित लहर को देखते हुए मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से परबत्ता प्रखण्ड के परबत्ता पी0एच0सी0 में 10 MQ Per Hour Capacity oxygen Plant लगाने हेतु मैंने अपने पत्रांक सं0 141/21, दिनांक 21 मई, 2021 को अनुशंसा किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, खगड़िया के पत्रांक सं0 231, दिनांक 21 मई, 2021 द्वारा परबत्ता पी0एच0सी0 में ऑक्सिजन प्लान्ट लगाने हेतु मार्गदर्शन मांगा गया है, जो अभीतक स्वास्थ्य विभाग में लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यथाशीघ्र परबत्ता पी0एच0सी0 में 10 MQ Per Hour Capacity oxygen Plant लगाने की स्वीकृति देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा मुहैया कराना

*565. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन, आईसीयू, वेंटिलेटर, हाई डिपेंडेंसी इकाई, इको कार्डियोग्राफी मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ की भी कमी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन, आईसीयू, वेंटिलेटर, हाई डिपेंडेंसी इकाई, इको कार्डियोग्राफी मशीन सहित डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करते हुए सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सौन्दर्यीकरण करना

*566. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले में सुलतानगंज अजगैबीनाथ मंदिर, धन्नू बाबा स्थान एवं शाहकुण्ड प्रखण्ड के बाबा गिरबर नाथ पर्वत धार्मिक महत्व का स्थान है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त तीनों स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करते हुए पर्यटकीय सुविधा बहाल करने तथा सौंदर्यीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा राशि का भुगतान

*567. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखण्ड के जोकीहाट थाना, सा0 बारा इस्तम्बरार, वार्ड नं0-4 के असदुन, पे0 मंजूर की मृत्यु दिनांक 19 जून, 2020 को ठनका गिरने के कारण मृत्यु हो गयी जिसका जोकीहाट थाना में थाना काण्ड सं0 04/2020, दिनांक 19 जून, 2020 दर्ज है लेकिन आजतक आपदा राहत का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार असदुन की मृत्यु का मुआवजा राशि का भुगतान उसके परिवार को कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल का निर्माण कराना

*568. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ ऐतिहासिक रूप से धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के साथ-साथ जनसंख्या घनत्व वाला बड़ा प्रखंड एवं नगर परिषद् है किन्तु यहां पर इलाज के नाम पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जिससे इलाज में जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र के स्थान पर एक रेफरल अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*569. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गंडक एवं घोघरी नदी में इस वर्ष आयी बाढ़ के कारण पानापुर प्रखंड के पृथ्वीपुर, सलेमपुर, सोनवर्षा, बसहीया, भोरहा, रामपुर रूद्र 161, रामपुर रूद्र 156, उभवा भगवानपुर, रसौली तथा धनौती एवं तरैया प्रखंड के राजवारा जिम्दाहा, अड़ेदवा, शामपुर, हरपुर फरिदन, फरिदनपुर, शीतलपुर, माधोपुर बड़न चंचलिया, शंकरडीहा, आकुचक, संग्रामपुर, रसीदपुर, भटगाई, मोलनापुर के निवासियों की फसल क्षति होने के साथ घर भी गिर गये हैं परंतु अभीतक राहत कार्य नहीं चलाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राहत कार्य चलाकर लोगों को फसल क्षति एवं गृह क्षति का मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*570. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर में सीता कुंड जमालपुर का ऋषि कुंड विश्व प्रसिद्ध है जहां बड़े पैमाने पर श्रद्धालु प्रतिवर्ष माघी पूर्णियाँ एवं मलमास मेला पर आते है ;

(2) क्या यह बात सही है कि है उक्त स्थल को पर्यटन स्थल एवं राजकीय मलमास मेला घोषित नहीं किये जाने तथा उचित अवस्था नहीं होने के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटकीय दृष्टिकोण से राजकीय मेला घोषित करते हुये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*571. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के ग्राम-पाले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र सृजित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है एवं चिकित्सक भी पदस्थापित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों का अपना भवन बनाना एवं चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*572. श्री मनोज मँजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड गड़हनी के आरा-सासाराम मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रखंड कार्यालय जाने का रास्ता काफी जर्जर है तथा आये दिन इस रास्ते पर दुर्घटनाएँ होती रहती है साथ में इसी रास्ते में प्रखंड कार्यालय, अस्पताल, एफ०सी०आई० गोदाम, कस्तूरब बालिका विद्यालय, बी० आर० सी० भवन भी अवस्थित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनवाना

*573. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के सहिलोरी शेरपुर गाँव में संत रविदास भवन बनवाने की अनुशंसा पूर्व के माननीय विधायकजी के द्वारा किया गया था उक्त भवन जो रविदास समाज के मोहल्ले में बनाना था उसे हटाकर 1 किलो मीटर दूर बनाया जा रहा है, जहाँ एक भी रविदास अथवा महादलित समाज के लोग नहीं बसते है एवं जिस जमीन पर उक्त भवन बनाया जा रहा है वह गैर-मजरूआ खास है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रविदास भवन को रविदास समाज के मोहल्ले में बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् सेवा सुदृढ़ करना

*574. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बेलवा पंचायत वार्ड नं० 01, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11 में 440 वोल्ट का तार की स्थिति काफी जर्जर है, जिसके कारण हमेशा लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्ड नं० 4 में नये बसावट के लोगों को बाँस-बल्ले के सहारे विद्युत् कनेक्शन लेना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) एवं (2) में वर्णित स्थानों में विद्युत् सेवा सुदृढ़ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार बदलवाना

*575. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत महाराजगंज फीडर, निरंजनपुर फीडा एवं डुमरी फीडर के हाई वोल्टेज के तार जर्जर हो चुके हैं जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त फीडरों के तारों को बदलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वासित करना

*576. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के भोअनगर ग्राम पंचायत के मंझोक निस्ता ग्राम में दुर्गी देवी, अहमद रजा, फिरोज, मिनहाज तथा तैयबपुर ग्राम पंचायत के रैयापुर ग्राम में मुजम्मिल, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद कासिम सहित लगभग एक-सौ से अधिक परिवारों का घर महानंदा नदी के कटाव से ध्वस्त हो गया है जबकि उक्त परिवार 6 वर्षों से अधिक समय से विस्थापित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित कराना

*577. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अन्तर्गत कपलेश्वर में कपलेश्वर नाथ शिव मंदिर स्थापित है जहां प्रतिदिन राज्य एवं राज्य के बाहर से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ऐतिहासिक स्थल पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिये पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापना करना

*578. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के जोगबानी नगर परिषद् जिसकी आबादी 50 हजार से अधिक है तथा एक अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत है किन्तु मरीजों की संख्या अत्यधिक रहने के कारण यहाँ पर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार जोगबानी नगर परिषद् में समुचित स्वास्थ्य सेवा के लिये एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों हैं ;

आयुष औषधि का क्रय

*579. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में नेशनल हेल्थ मिशन योजना के अन्तर्गत लगभग 1384 आयुष चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में 2010 से कार्यरत है जो आयुष औषधि का अभाव झेल रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र वर्ष 2013 में राज्य स्वास्थ्य समिति, शेखपुरा द्वारा आयुष औषधि का क्रय तीनों विधा(अयुर्वेद, होमियोपैथी एवं युनानी) के लिये हुआ है, किन्तु उसके बाद पुनः औषधि क्रय नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में यथाशीघ्र आयुष औषधि का क्रय करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*580. श्री मोहम्मद इसराईल मंसूरी (क्षेत्र संख्या-95 कांटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजयकीय तिब्बती कॉलेज एवं अस्पताल पटना के 95वां वर्षगांठ के उपरांत राज्य सरकार के प्रयास से स्नातक में 125 सीट एवं स्नातकोत्तर में 31 सीट पर नामांकन की स्वीकृति प्राप्त हुयी है, परंतु स्नातक में 107 (प्राक तिब्बती सहित) सीटों पर एवं स्नातकोत्तर में 26 सीटों पर ही नामांकन हो पाया है, यदि हाँ, तो स्नातक के 18 सीटों पर एवं स्नातकोत्तर के 5 सीटों पर नामांकन नहीं होने के दोषी को चिन्हित कर सरकार उनपर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*581. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पीरो नगर परिषद् में स्थित सब्जी गोला में दिनांक 28 अप्रील, 2021 को भयंकर आगलगी में लगभग 125 दुकानदारों का लगभग एक करोड़ रुपये का आलू, प्याज अंडा, मछली, तरबूज, रुपया, पैसा सहित सब कुछ जलकर राख हो गया और प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से राहत मुआवजा के लिये बार-बार फरियाद करने के बावजूद आजतक उन्हें एक पैसे का राहत और मुआवजा नहीं मिला ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन आपदा पीड़ितों को कबतक यथोचित राहत और मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*582. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की नीति निर्धारित है कि 16 के० वी० ए० के ट्रांसफॉर्मरों को 100 के० वी० ए० से बदला जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत मांझा प्रखंड के ग्राम-फुलवरिया, साफापुर इत्यादि एवं बरौली प्रखंड के ग्राम-कलकलहाँ, कल्याणपुर सहित अनेक गाँवों में आज भी 16 के० वी० ए० ट्रांसफॉर्मर के जरिये विद्युत् आपूर्ति की जाती है जो बराबर जलता रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पूरे माँझा-बरौली प्रखंडों में सभी जगहों पर लगाये गये 16 के० वी० ए० के ट्रांसफॉर्मर की जगह 100 के० वी० ए० का ट्रांसफॉर्मर लगाकर नियमित विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*583. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि घोसी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ओकरी और प्रा०/स्वा० केन्द्र, घोसी का भवन और डॉक्टरों का आवास जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रा स्वा० केन्द्र, ओकरी के भवन में ही वर्षों से पुलिस (कैंप) ओ०पी० कार्यरत है और अस्पताल जगह का अभाव झेल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल भवन से पुलिस ओ०पी० को स्थानांतरित करने और जर्जर भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

समिति का गठन करवाना

*584. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार का यह निर्णय है कि सभी अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति का गठन किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत सभी अस्पतालों में अभीतक रोगी कल्याण समिति का गठन नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक गया जिला में रोगी कल्याण समिति का गठन करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*585. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अपर समाहर्ता, पूर्वी चम्पारण के पत्रांक 72, दिनांक 21 जनवरी, 2019 द्वारा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, चकिया के भवन निर्माण हेतु छ: एकड़ भूमि भू-अर्जन करने के निर्देश के आलोक में अंचलाधिकारी चकिया द्वारा भूमि चिन्हित कर पत्रांक 683, दिनांक 18 जुलाई, 2013 द्वारा भूमि सुधार उप-समाहर्ता, चकिया को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया गया लेकिन अबतक कार्रवाई नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चकिया में अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण

*586. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में खगड़िया जिला में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की जानी है तथा इसके लिये परबत अंचल के मौजा सौढ़ थाना सं० 347 में खेसरा सं० 32, 36, 37 एवं 190 में लगभग 20 एकड़ गैर-मजरूआ जमीन एन०एच० 31 पर उपलब्ध है तथा जिलाधिकारी, खगड़िया द्वारा बिहार सरकार को उक्त जमीन से संबंधित संचिका भेजी जा चुकी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भू-खंड पर चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुहैया कराना

*587. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली के प्रखंड जन्दाहा अंतर्गत ग्राम-मेथरापुर पंचायत मोहिउद्दीनपुर ग्राही में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र अवस्थित है जिसमें किसी भी तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं है यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में मानक के अनुरूप सुविधाओं को मुहैया कबतक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*588. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत अलौली प्रखंड के चेरा खेरा पंचायत के उत्तरी बहोरवा एवं दक्षिणी बहोरा ग्राम में करेह नदी के कटाव से ग्रामीणों को घर नदी में समा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पीड़ित परिवारों को सरकार द्वारा कोई भी सहायता नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देकर दूसरे जगह विस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर ग्रिड का निर्माण

*589. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय मुख्यालय में पावर ग्रिड नहीं है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र में समुचित रूप से विद्युत् आपूर्ति नहीं होती है, साथ ही हमेशा लो-भोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बेगूसराय मुख्यालय में पावर ग्रिड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*590. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखण्ड के पिपरिया दियारा के सुरो यादव, पिता स्व0 बोगा यादव का दिनांक 6 सितम्बर, 2019 को गंगा में डूबने से मौत हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रक्रिया करने के बाद भी आश्रित को आजतक मुआवजा नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आश्रित को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल चालू कराना

*591. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखण्ड में महिला अस्पताल, सुलतानगंज 5 वर्ष से बंद है, जबकि इसका नया भवन बनकर तैयार है किन्तु चालू नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानांतरित करना

*592. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी 20 साल से पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के आदेशानुसार 5 साल पर एक जगह से दूसरे जगह पर स्थानान्तरित करने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इसकी जांच कराकर प्रभारी को अन्यत्र स्थानांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*593. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत डुमरी, कटसरी प्रखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लालगढ़ में तीन चिकित्सक, पाँच नर्स एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है लेकिन चिकित्सक, नर्स सहित अन्य कर्मियों उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर समय पर नहीं जाते हैं, कभी-कभी चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों के अभाव में रोगियों का इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ऑक्सीजन प्लांट चालू कराना

*594. श्री विजय शंकर दुबे (क्षेत्र संख्या-112 महराजगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के महाराजगंज अनुमंडल के अनुमंडलीय अस्पताल में स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, जेनरल सर्जन चिकित्सक एवं रेडियोलॉजीस्ट पैथोलॉजीस्ट, लैब तकनिशियन, आयुष चिकित्सक, विशेष" चिकित्सक के अलावे जांच का भी अभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल अस्पताल, महाराजगंज में नवसृजित ऑक्सीजन प्लांट अभीतक कार्यरत नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में खंड (1) में वर्णित कमियों को दूर करने तथा ऑक्सीजन प्लांट चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अर्हतांक को कम करना

*595. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पारा मेडिकल संवर्ग के ओटी एक्सरे, इसीजी, लैब टेक्निशियन, ड्रेसर की भर्ती में न्यूनतम अर्हतांक इंटरमीडिएट प्राप्त प्रतिशत X 0.3 एवं डिप्लोमा इन ओटी असिसटेंट प्राप्त प्रतिशत X 0.25 किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस नियमावली के कारण इंटरमीडिएट और डिप्लोमा में फर्स्ट डिवीजन लाने वाले छात्र भी न्यूनतम अर्हतांक से बाहर रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सामान्य प्रशासन विभाग नियमावली में बदलाव कर पारामेडिकल कर्मियों की बहाली 2019 के लिए न्यूनतम अर्हतांक को कम करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल का जीर्णोद्धार

*596. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला अंतर्गत बौंसी प्रखंड के पंचायत सिकन्दरपुर के श्यामबाजार गाँव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से वहां के ग्रामीणों को चिकित्सा कराने में बड़ी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का जीर्णोद्धार एवं डॉक्टर कि प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रेफरल अस्पताल निर्माण

*597. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंड के शेरमारी अंतर्गत सीमित भू-खंड के एक ही कैंपस में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पीरपैंती और रेफरल अस्पताल, पीरपैंती अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 29 पंचायतों वाला पीरपैंती प्रखंड, भागलपुर जिला का सबसे बड़ा प्रखंड है जहाँ के लोग उक्त रेफरल अस्पताल पर ही आश्रित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरपैंती में अन्य पर्याप्त भू-खंड पर पृथक रेफरल अस्पताल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर स्थापित करना

*598. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड बिहटा स्थित पंचायत-यमुनापुर के ग्राम-मोलाहिमपुर में कृषि कार्य हेतु ट्रांसफॉर्मर, विद्युत् तार एवं पोल स्थापित नहीं होने के कारण वहां के स्थानीय कृषकों को कृषि कार्य का निष्पादन करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित ग्राम में ट्रांसफॉर्मर, विद्युत् तार एवं पोल स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*599. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के तयाप पंचायत के हमीदनगर में पावर सब-स्टेशन हेतु जमीन उपलब्ध है परन्तु अभीतक यहां पावर सब-स्टेशन का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि इस पावर सब-स्टेशन का निर्माण होने से भलुआर, हसामपुर, मीरपुर, तयाप समेत दस पंचायतों को निर्बाध बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जगह पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण

*600. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ विधान सभा क्षेत्र के रेलवे लाइन से पश्चिम और लाइन से पूरब में पावर सब-स्टेशन नहीं होने की वजह से वहां के लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या तथा प्रशासनिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार फुलवारी रेल लाइन के पश्चिम के ग्राम-डिहरी के पास तथा पूरब के ग्राम-नूहीचक के पास विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गोल्डेन कार्ड उपलब्ध कराना

*601. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 23 जून, 2021 के प्रकाशित समाचार के आलोक में वर्ष 2011 के सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना के आधार पर पूर्णियां जिला के 19 लाख 38 हजार लाभुकों का चयन आयुष्मान भारत योजना के लिये किया गया परन्तु योजना प्रारंभ होने के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी जिला में 1 लाख 50 हजार ही गोल्डेन कार्ड बन पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिकारी के लापरवाही से आयुष्मान भारत योजना में जिला के 17 लाख 88 हजार लाभुक गोल्डेन कार्ड बनाने से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पूर्णियां जिला के आयुष्मान भारत योजना में शेष बचे चयनित 17 लाख 88 हजार लाभुकों को पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर गोल्डेन कार्ड उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मेडिकल कॉलेज हेतु

*602. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर प्रमंडल मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज नहीं होने के कारण उस इलाके के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मुंगेर प्रमंडल मुख्यालय, मुंगेर में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*603. श्री अवध बिहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सीवान सदर प्रखंड के सरावे, खालीमपुर, बघड़ा आदि गाँवों में 63 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है किन्तु बिजली उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण ट्रांसफॉर्मर उपभोक्ता का बिजली भार सहन नहीं कर पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में 63 के०भी०ए० के स्थान पर 100 के०भी०ए० ट्रांसफॉर्मर कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*604. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के नौतन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर अवस्था में है जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुनर्वास कराना

*605. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के मैनाटाड प्रखंड के बीरिंची-3 बंगाली शरणार्थी कॉलोनी की आवासीय और खेती की भूमि का दोहरम नदी द्वारा कटाव 1998 से जारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस साल 2021 में आयी बाढ़ की कटाव की जद में आये 22 परिवारों समेत, बिरिंची-3 के 228 परिवार पुनर्वास के लिये दर-दर की ठोकरें खा रहें हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटाव पीड़ित 228 बंगाली शरणार्थी परिवारों का पुनर्वास कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक ।

(2) एवं (3) जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2021 में दोहरम नदी में अतिवृष्टि से तेज धारा के कारण 15 घर कटाव से प्रभावित हुये हैं। सरकार द्वारा बंगाली शरणार्थियों को आवास योग्य भूमि के अतिरिक्त भी भूमि दी गयी है। जिसकी प्रकृति आवासीय हो चुकी है। इसलिये पुनर्वास की आवश्यकता नहीं है।

--------

भवन निर्माण

*606. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत तितरा उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर अवस्था में है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तितरा उप-स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था सुनिश्चित कराना

*607. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सिकरहाना, ढाका एवं पकड़ीदयाल अनुमंडल प्रतिवर्ष भीषण बाढ़ से प्रभावित हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिकरहाना, ढाका एवं पकड़ीदयाल अनुमंडल में एन०डी०आर०एफ० की टीम की व्यवस्था नहीं होने से बाढ़ के दिनों में घरों में फंसे बीमार एवं प्रसुति महिला को ससमय इलाज हेतु अस्पताल नहीं पहुँचाने से उनकी मृत्यु हो जाती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित दोनों अनुमंडलों में बाढ़ के समय एन०डी०आर०एफ० की टीम की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*608. श्री विजय शंकर दुबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के भगवानपुर हाट प्रखंड के ग्राम-मीरजूमला के मोहन चौधरी, पिता-स्व० नथुनी चौधरी की दिनांक 2 फरवरी, 2021 को स्व० अभिषेक कुमार, पिता-गौतम साह, पीपरहियां की दिनांक 20 जुलाई, 2010 तथा महाराजगंज प्रखंड के श्रीराम साह, पिता-डामा साह, ग्राम+पो० -छोटका टेघड़ा की मौत दिनांक 30 जून, 2019 को 11 हजार वोल्ट की पक्षाघात के कारण हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद तीनों के आश्रितों को मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को भुगतान नहीं करने वाले दोषी को चिन्हित कर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 30 जुलाई, 2021 (ई०)।

भूदेव राय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० 20 (एल०ए०), 2021-22 डी०टी०पी०-550